# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

Ref:.................... Date:.........................

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (18.12.2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 18.12.2024, PAGE-06

# पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 27 से

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 27 दिसंबर से होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने मंगलवार को परीक्षा का शेड्यूल जारी किया। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 9 से 12 बजे तक और दूसरी दोपहर एक से शाम चार बजे तक होगी। परीक्षा 16 जनवरी तक चलेगी। प्रैक्टिकल की परीक्षा 20 से 23 दिसंबर तक होगी। पीजी फोर्थ सेमेस्टर के अलावा स्नातक पहले सेमेस्टर सत्र 2024-28 की प्रैक्टिकल परीक्षा 21 दिसंबर से चार जनवरी तक होगी।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:18.12.2024, PAGE-06



रूस की सांस्कृतिक प्रतिनिधि एलएस कॉलेज में कार्यक्रम को संबोधित करती हुई।

# छात्रों ने सीखे रूसी भाषा के उच्चारण के तरीके

- एलएस कॉलेज में रूसी भाषा पर कार्यशाला
- एंबेसडरों ने रूसी संस्कृति से अवगत कराया

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। एलएस कॉलेज आईक्यूएसी और विवि के रसियन विभाग के सहयोग से मंगलवार को रूसी भाषा को समर्पित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रूस के भाषा विशेषज्ञों द्वारा ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किए गए। कार्यशाला एलएस कॉलेज परिसर में हुई।

अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश राय ने कहा कि कार्यशाला ने छात्रों और शिक्षकों को रूसी भाषा और संस्कृति की बारीकियों को समझने का एक अवसर प्रदान किया है। रूस से आई दो एंबेसडरों पोलिना दोरोजाकिना और अन्ना लिस्टोवा ने रूसी भाषा की बारीकियों, उसके व्याकरण और उच्चारण के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने साहित्य, संगीत और कला सहित समृद्ध रूसी संस्कृति से छात्रों को परिचित कराया। आरबीबीएम कॉलेज में भी रूस से आई रसियन सब्जेक्ट एंबेसडर ने सांस्कृतिक विरासत का आदान-प्रदान किया। महाविद्यालय की छात्राओं ने मैथिली गीत गाकर उनका स्वागत किया। रूसी प्रतिनिधियों ने अपनी भाषा में अपनी सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई। साथ ही अपनी तरफ से रूसी स्पून वाद्य यंत्र की प्रस्तुति कर इनकी बारीकियों को बतलाया।

**रूस में कैरियर के अवसरों पर डाला प्रकाश:** आरडीएस कॉलेज में कार्यशाला के दौरान रूसी प्रतिनिधि पोलिना और अन्ना लिस्टोवा ने छात्रों को संवादी रूसी से परिचित कराया। कैरियर के अवसरों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 18.12.2024, PAGE-04

# परीक्षा के लिए नहीं हुआ केंद्र निर्धारित

## स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर सत्र 2024-28 में नामांकित छात्रों का 21 से प्रैक्टिकल शुरू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के प्रथम सेमेस्टर में नामांकित छात्र-छात्राओं की प्रैक्टिकल परीक्षा 21 दिसंबर से शुरू होगी। सत्र 2024 - 28 के तहत प्रायोगिक परीक्षा 2 जनवरी तक होगी। इसको लेकर सभी कालेजों को निर्देश जारी किया गया है। दूसरी ओर फर्स्ट सेमेस्टर में नामांकित 1.60 लाख विद्यार्थियों की परीक्षा दूसरे सप्ताह से शुरू हो सकती है। अब तक परीक्षा के लिए केंद्रों का निर्धारण नहीं किया जा सका है। मंगलवार को दिन भर परीक्षा विभाग के स्तर से केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया चलती रही। देर शाम तक केंद्रों का निर्धारण नहीं हो सका। बताया जा रहा है कि परीक्षा के लिए पांच से छह जिलों में केंद्र बनाए जाएंगे। इसकी संख्या 55 से अधिक होगी। परीक्षा नियंत्रक डा.सुधालाल पासवान ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जल्द ही केंद्रों का निर्धारण होगा। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दो से तीन दिनों में इसकी सुची तैयार हो जाएगी।

- **जनवरी के दूसरे सप्ताह से शुरू हो सकती है थ्योरी की परीक्षा**
- **1.60 लाख परीक्षार्थियों की दूसरे सप्ताह से परीक्षा होगी शुरू**



### केंद्रों के निर्धारण होने के बाद जारी होगा एडमिट कार्ड

परीक्षा के लिए केंद्रों का निर्धारण होने के बाद ही एडमिट कार्ड जारी होगा। एडमिट कार्ड पर केंद्रों की जानकारी होती है। ऐसे में फिलहाल इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। परीक्षा विभाग की ओर से बताया गया है कि होम सेंटर पर ही प्रैक्टिकल परीक्षा होगी। इसके लिए पूर्व में ही कालेजों की ओर से निर्देश जारी किया जा चुका है। यूएमआइएस की ओर से दी गई जानकारी के आधार पर छात्रों का क्रमांक कालेजों को उपलब्ध कराया जा चुका है। ऐसे में इसी क्रमांक पर छात्र-छात्राएं प्रैक्टिकल की परीक्षा में शामिल होंगे। सभी कालेज प्रैक्टिकल परीक्षा के बाद इसके अंक एप से परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराएंगे। उल्लेखनीय है कि चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत प्रथम सेमेस्टर में इस वर्ष 1.60 लाख से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन हुआ है।

## पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 27 से, डीडीई में बनाया केंद्र

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पीजी फोर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसकी शुरूआत 25 दिसंबर से होगी। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के डीडीइ सभागार को केंद्र बनाया गया है। इससे पहले 20 से 23 दिसंबर तक संबंधित विषयों के विश्वविद्यालय पीजी विभाग में प्रैक्टिकल और वायवा का आयोजन होगा। विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग की ओर से इसका कार्यक्रम मंगलवार को जारी किया गया है। पीजी के विभिन्न विषयों को कुल छह ग्रुप में बांटा गया है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा नौ से 12 बजे तो दूसरी की परीक्षा एक से चार बजे तक होगी। पहली पाली में ग्रुप ए, सी और ई तो दूसरी पाली में बी, डी और एफ की परीक्षा होनी है। सत्र 2022-24 के तहत पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। परीक्षा में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक डा. सुधालाल पासवान ने बताया कि पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।परीक्षा 16 जनवरी तक चलेगी।

विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम, दो पालियों में आयोजित की जाएगी परीक्षा

| ग्रुप | ईसी -1 | ईसी - 2 | जीई - 01 |
|---|---|---|---|
| ए,बी | 27 दिसंबर | आठ जनवरी | 11 जनवरी |
| सी,डी | 28 दिसंबर | नौ जनवरी | 13 जनवरी |
| ई,एफ | सात जनवरी | 10 जनवरी | 16 जनवरी |

**पीजी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा 20 से :** विश्वविद्यालय में पीजी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से शुरू होगी। पहले ही परीक्षा विभाग की ओर से कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। छात्र-छात्राएं बुधवार से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा विभाग के स्तर से सभी कालेजों को इसकी जानकारी दी गई है। सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा 29 जनवरी तक होनी है। सत्र 2023-25 के तहत सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा हो रही है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 18.12.2024, PAGE-04**

## पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा 27 से, डीडीई में बनाया केंद्र

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पीजी फोर्थ सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसकी शुरूआत 25 दिसंबर से होगी। परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय के डीडीइ सभागार को केंद्र बनाया गया है। इससे पहले 20 से 23 दिसंबर तक संबंधित विषयों के विश्वविद्यालय पीजी विभाग में प्रैक्टिकल और वायवा का आयोजन होगा। विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग की ओर से इसका कार्यक्रम मंगलवार को जारी किया गया है। पीजी के विभिन्न विषयों को कुल छह ग्रुप में बांटा गया है। परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा नौ से 12 बजे तो दूसरी की परीक्षा एक से चार बजे तक होगी। पहली पाली में ग्रुप ए, सी और ई तो दूसरी पाली में बी, डी और एफ की परीक्षा होनी है। सत्र 2022-24 के तहत पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। परीक्षा में 10 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा नियंत्रक डा. सुधालाल पासवान ने बताया कि पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।परीक्षा 16 जनवरी तक चलेगी।

**विश्वविद्यालय ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम, दो पालियों में आयोजित की जाएगी परीक्षा**

| ग्रुप | ईसी -1 | ईसी - 2 | जीई - 01 |
|---|---|---|---|
| ए,बी | 27 दिसंबर | आठ जनवरी | 11 जनवरी |
| सी,डी | 28 दिसंबर | नौ जनवरी | 13 जनवरी |
| ई,एफ | सात जनवरी | 10 जनवरी | 16 जनवरी |

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:18.12.2024, PAGE-04**

## रूस के प्रतिनिधियों ने दिखाई अपनी सांस्कृतिक झलक



एलएस कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शामिल रशियन • जागरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: रूस से आए प्रतिनिधियों ने मंगलवार को तीन कालेजों में आयोजित कार्यक्रम में अपनी सांस्कृतिक झलक दिखाई। एलएस कालेज में रशियन विभाग के सहयोग से रूसी भाषा को समर्पित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके बाद कार्यशाला में विश्वविद्यालय रशियन विभाग के प्राध्यापक डा. दिव्यम प्रकाश और डा. सुषमा कुमारी ने भी विचार रखे। दूसरी ओर आरडीएस कालेज में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया। रूसी प्रतिनिधि पोलिना डोरोसाकिना और अन्ना लिस्टोवा ने छात्रों को रूसी भाषा से परिचित कराया। संयोजक प्रो. आरएन. ओझा और डा. सौरभ राज ने अंतर-सांस्कृतिक समझ के महत्व पर जोर दिया। इसके अलावाव आरबीबीएम कालेज में भी सांस्कृतिक आदान प्रदान कार्यक्रम में रूस के प्रतिनिधि पहुंचे। महाविद्यालय की छात्राओं ने मैथिली गीत गाकर उनका स्वागत किया। रूसी प्रतिनिधियों ने अपनी भाषा में अपनी सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखाई। उन्होंने वैले नृत्य, खान पान, वेश-भूषा आदि के बारे में भी जानकारी साझा की। प्राचार्य डा. ममता रानी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहना चाहिए।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:18.12.2024**
**PAGE-04**

## विश्वविद्यालय पार्क में लगेंगी 50 लाइटें, काम शुरू

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय कैंपस के पार्क का सौंदर्यीकरण शुरू हो गया है। इस कड़ी में पार्क में लाइट लगाई जाएगी। पूरे पार्क में 50 लाइट लगाए जाने की योजना है। इसके लिए कई दिनों से पार्क में काम चल रहा है। इसके साथ ही प्रशासनिक भवनों में रंग रोगन से लेकर अन्य कार्य हो रहे हैं। (जासं)

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 18.12.2024, PAGE-04

## लंगट सिंह कॉलेज व विवि के रूसी भाषा विभाग की कार्यशाला में वक्ताओं ने रखे विचार

# भारत व रूस में सांस्कृतिक आदान-प्रदान सदियों पुराना, संवाद से समृद्ध होगी परंपरा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

लंगट सिंह कॉलेज के आइक्यूएसी व बीआरएबीयू के रूसी भाषा विभाग के तत्त्वावधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें रूस से पहुंचीं दो भाषा राजदूतों ने ज्ञानवर्धक सत्र में छात्र-छात्राओं से संवाद किया. अध्यक्षता प्राचार्य प्रो ओमप्रकाश राय ने कहा कि भारत-रूस के संबंध को मजबूती प्रदान करने में शैक्षणिक व सांस्कृतिक आदान-प्रदान अहम कदम सिद्ध होगा.

रूसी भाषा राजदूत पोलिना डोरोजकिना और अन्ना लिस्टोवा ने रूसी भाषा की बारीकियों, उसके व्याकरण और उच्चारण के बारे में जानकारी साझा की. उन्होंने साहित्य, संगीत और कला सहित समृद्ध रूसी संस्कृति से छात्रों को परिचित कराया. कहा कि भारत व रूस के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान सदियों पुराना है. यह दोनों देशों की भाषाओं व संस्कृतियों को प्रभावित करता रहा है. दोनों राजदूतों का कॉलेज में स्वागत किया गया. आइक्यूएसी समन्वयक प्रो एसआर चतुर्वेदी के साथ ही यूनिवर्सिटी के रशियन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ दिव्यम प्रकाश व डॉ सुषमा ने भी रशियन भाषा व संस्कृति पर विचार रखे. कार्यशाला में डॉ राजेश्वर कुमार, डॉ तथागत बनर्जी, डॉ शशिकांत पाण्डेय, डॉ बाणेश्वर शर्मा, डॉ नवीन, डॉ इम्तियाज, सुजीत, राहुल सहित अन्य मौजूद रहे.



एलएस कॉलेज में रूसी विभाग की कार्यशाला में मौजूद भाषा राजदूत व अन्य.

### आरबीबीएम में सांस्कृतिक विरासत का आदान-प्रदान

रामवृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय में भारत-रूस की सांस्कृतिक विरासत का आदान प्रदान किया गया. रूसी भाषा राजदूत पोलिना डोरोजकिना और अन्ना लिस्टोवा के साथ ही रसियन विभाग के शिक्षक डॉ दिव्यम प्रकाश और डॉ सुषमा का महाविद्यालय में स्वागत किया गया. महाविद्यालय की छात्राओं ने मैथिली गीत गाकर उनका स्वागत किया. पोलिना व अन्ना ने रूसी भाषा में अपनी सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखायी. साथ ही अपने तरफ से रूसी स्पून वाद्य यंत्र की प्रस्तुति कर इनकी बारीकियों से छात्राओं को अवगत कराया. उन्होंने वैले नृत्य, खान पान, वेश-भूषा के बारे में भी जानकारी साझा की. प्राचार्य डॉ ममता रानी ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भारत व रूस दोनों एक दूसरे की संस्कृति को जान सकेंगे. संयोजन डॉ चेतना वर्मा ने किया. डॉ अशोक निगम, डॉ दिव्या भारद्वाज, डॉ नीलू, डॉ विनीता, डॉ मंजुलश्री, डॉ प्रियंका, डॉ जयश्री, डॉ मिंटू, डॉ नीलेश लोधी सहित सैकड़ों छात्रायें मौजूद रही.

### आरडीएस कॉलेज में छात्रों से किया संवाद

मुजफ्फरपुर. आरडीएस कॉलेज में रूसी भाषा और संस्कृति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. कॉलेज की शोध विकास समिति की ओर से विवि रूसी भाषा विभाग और रूसी राज्य रूसी भाषा संस्थान, मास्को के सहयोग से कार्यशाला में रूसी भाषा व इसकी सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी प्रदान की गयी. रूसी भाषा राजदूत पोलिना डोरोजकिना व अन्ना लिस्टोवा ने संवाद के दौरान छात्रों को रूसी भाषा और वहां की संस्कृति से अवगत कराया. संवादात्मक सत्रों में भाषा के व्यावहारिक पहलुओं, इतिहास व परंपराओं पर ध्यान केंद्रित किया गया. संयोजक प्रो आरएन ओझा व डॉ सौरभ राज ने अंतर-सांस्कृतिक समझ के महत्त्व पर जोर दिया. डॉ दिव्यम प्रकाश व डॉ सुषमा ने भी भूमिका निभायी. प्राचार्य डॉ अनीता सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया. मौके पर डॉ सौरभ राज, डॉ श्रुति मिश्रा, डॉ राजेश, डॉ नेयाज अहमद, सीनेटर डॉ संजय सुमन, डॉ एमएन रजवी, डॉ ललित के साथ ही अन्य मौजूद थे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:18.12.2024, PAGE-04

# इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए 10 कमेटियों का गठन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- महिला छात्रावास में ठहरेंगी खिलाड़ी, ठहराव के लिए अध्यक्ष छात्र कल्याण ने देखा छात्रावास
- बुधवार तक लेंगे आवेदन, 22 टीमों ने की अबतक प्रतिभागिता, 26 से शुरू होगी प्रतियोगिता

बीआरएबीयू ने इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए 10 कमेटियां बनायी हैं. ये समितियां आयोजन की तैयारी, स्वागत, सुरक्षा आवासन व परिवहन से लेकर आयोजन से जुड़ी तमाम गतिविधियां देखेंगी. स्वागत समिति, तकनीकी, मैदान, आवासन, परिवहन, मीडिया प्रोटोकॉल, सुरक्षा, मेडिकल, सांस्कृतिक व ओवरऑल प्लानिंग एंड मैनेजमेंट समिति बनी है.

स्वागत समिति के अध्यक्ष कुलपति होंगे. इसमें कुल 13 सदस्यों को शामिल किया गया है. सदस्यों में विवि के पदाधिकारी, शहरी क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य शामिल किये गये हैं. इसके संयोजक क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ कांतेश कुमार हैं. वहीं योजना व प्रबंध समिति के अध्यक्ष क्रीड़ा परामर्शी डॉ संजय सिन्हा बने हैं.

आवासन समिति के अध्यक्ष डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह हैं. परिवहन समिति के अध्यक्ष उप कुलसचिव-1 डॉ धीरेंद्र सिंह, संसाधन समिति के अध्यक्ष मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ सतीश राय, वित्त समिति के अध्यक्ष वित्त पदाधिकारी प्रवेश पाठक, तकनीकी व मैदान समिति के अध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष आमोद दत्ता को बनाया गया है. इन समितियों में सदस्यों के साथ ही वालेंटियर्स को भी शामिल किया गया है.

**आयोजन पर 10.90 लाख होंगे खर्च, लाइव स्ट्रीमिंग भी :** चैंपियनशिप की लाइव स्ट्रीमिंग होगी. आयोजन समिति के निर्णय पर पांच दिवसीय प्रसारण होगा. आयोजन पर 10.90 लाख रुपये खर्च होंगे. बजट में पांच लाख रुपये की राशि तत्काल विवि अपने संसाधन से उपलब्ध करायेगा. आवासन समिति के अध्यक्ष डीएसडब्ल्यू प्रो आलोक प्रताप सिंह हैं, परिवहन समिति के अध्यक्ष उप कुलसचिव-1 डॉ धीरेंद्र सिंह, संसाधन समिति के अध्यक्ष मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ सतीश राय, वित्त समिति के अध्यक्ष वित्त पदाधिकारी प्रवेश पाठक, तकनीकी व मैदान समिति के अध्यक्ष जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष आमोद दत्ता को बनाया गया है. आयोजन को लेकर एक अलग बैंक खाता खुलेगा.

वीसी की अध्यक्षता में आयोजन समितियों ने यह निर्णय लिया कि विवि परिसर से लेकर शहर के प्रमुख स्थलों पर प्रतियोगिता के पूर्व इसके प्रचार-प्रसार को लेकर होर्डिंग, बैनर, पोस्टर लगाया जायेगा. इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया प्रबंधन समिति को अधिकृत किया गया है.

## खिलाड़ियों की संख्या आज होगी स्पष्ट

बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए मेजबान बीआरएबीयू समेत कुल 22 टीमों की सहभागिता आ चुकी है. बुधवार आवेदन की अंतिम तिथि है. यदि आखिरी दिन कोई और विश्वविद्यालय जुड़ता है तो संध्या तक टीमों की कुल संख्या व खिलाड़ियों की स्थिति स्पष्ट हो जायेगी. खिलाड़ियों के आवासन की व्यवस्था महिला छात्रावास में की गयी है. इसको लेकर आवासन समिति के अध्यक्ष डीएसडब्ल्यू डॉ आलोक प्रताप सिंह ने मंगलवार को छात्रावास में साफ-सफाई का जायजा लिया. कमरों की स्थिति देखी. कहा कि एक-दो दिनों में आवासन की तैयारी पूरी कर ली जायेगी.